❁ प्रस्तावना. ❁

बुद्धि फलं तत्त्व विचारंच । देहस्यसारं व्रत धारणंच ॥
अर्थस्य सारं कर पात्र दानम् । वाचा फलं प्रीतिकरं नराणाम् ॥

मनुष्य जन्म की प्राप्ति का मुख्य प्रयोजन है कि कृतव्य परामण होना, क्योंकि-आहार निद्रा भय मैथुन आदि कितनेक कृतव्यों तो मनुष्य के और पशुके एक सेही है, जिसका विशेपत्व फक्त बुद्धि शरीर द्रव्य और वच्चन शक्ति आदि काही देखा जाताहै. जिसका फल बुद्धिसे तत्वज्ञ होना, शरीर से व्रत धारण करना, द्रव्य से पात्र दान देना और वचन से सर्व के साथ प्रेम बृद्धि करना, येही होता है. जो ऊपरोक्त चारों रत्नों को प्राप्त हो जो फल उनसे प्राप्त करने का है वो न किया तो वो मनुष्य पशु से भी निपाट-खराब है क्योंकि-पशुको तो वो साधन प्राप्त हुवे हीनहीहैं तो वो बेचारे करेही क्या? परन्तु जिनको जो साधन प्राप्त हुवे हैं और वो उनका लाभोपार्जन न करते व्यर्थ गमाते हैं या कु कर्मों मे लगा उलट खराब करते हैं उसके जैसे बेवकूप मूर्ख और है ही कोन? अर्थात्—येही है. ! ! ऐसा जान ऐसी अज्ञान तासे हुइ दुदर्शा का अवलोकन कर स्वात्म हितार्थी हो जो उपरोक्त - चारो पदार्थ प्राप्त हुवे हैं उनका यथा शक्ति यथार्थ लाभ लेते हैं वो मनुष्य हो

यो पशुहो किसी भी द्रव्य पर्याय को प्राप्त हुवे हो परन्तु भावों की और कृतव्यों की उ-
त्तमता कर वो उत्तम होता है और अनेक दूसाध्य कामों कोभी सुसाध्य बना देव मानव
दानवों का पूज्य बन अनेक एहिक और परमार्थिक सुख सम्पति का भुक्ता हो धर्मार्थ
साधन से साध्यहो स्वर्ग और ऽपवर्ग (मोक्ष) प्राप्त करता है, यह बात ताहामेव सत्य
है. इसका हूबेहू चित्र दर्शाने के लियेही मानो यह वीरसेण कुसुमश्री चरित्र रचागया हो
ऐसा, इसके पठन श्रवन मन से पाठ को श्रोताओं स्वतःही समझ सकेंगे, और जैसी कृ-
तव्य परायणता वीरसेण नृपतिव कुसुमश्री सती और चुडामणी शूक (तोता) ने करी है
उसे ध्यान में ले कर आपभी करेंगे तो वो जरूरही वैसेही सुख के भुक्ता बनेगें इस उम्मे-
दसे इस चरित्र की ५०० प्रत तो यहां की गुप्तपरमार्थ की इच्छाक शास्त्र कोविंद सुव्रतिसो
भाग्य वती श्राविका वाइ के द्रव्यके सदव्य से और ५०० प्रतों यहां के ज्ञान वृद्धि खा
ते मे जमा हुवा द्रव्य जिसके सदव्यय से यों सब १००० प्रतों का अमूल्य लाभदेताहुवा
कृतव्य परायणता का इच्छ
कृतज्ञता हूइ समझताहूं

राजाबहादर लाला सुखदेव सहायजी ज्वाला प्रसाद जौहरी
(दक्षिण) [illegible] वीराब्द २४४ १.

श्रीवीरसेण कुसुमश्री चरित्र का शुद्धिपत्र.

पाठक गणो ! प्रथम निम्न लिखित अशुद्धियों को शुद्धकर फिर यत्नासे पढीयेजी

पर्व	पृष्ठ	ओली	अशुद्ध	शुद्ध
१	१	१	चिडाका	चिदाकार
२	१	२	पृति	पाति
३	२	३	छत्राय	छत्राया
५	१	१४	गुरू	श्वरु
८	१	३	मन्यो	मच्यो
९	१	१०	इल	इम
१०	२	५	डर	उर
११	१	४	शोशित	शोभित
"	"	५	उछित	उचित
"	१	१२	लुली	लुली २
"	२	१२	मोटो	फोटोलेइ
१३	१	८	देता	देतो
१४	१	३	पल्यां	पल्य
"	२	४	दीन	दीनी
१६	१	३	भ्रमेर	भ्रमेरे
"	"	११	दाछ	दाल
"	२	१२	घात	वास
१९	१	१३	मे	०
"	२	१०	अपढी	आपढी
२२	१	१	पत	तप
२३	१	१	हरी	हरा
२४	१	१२	शीकारे	शीखरे
२५	२	३	कोइ	पडाकोइ
२६	२	४	पडगये	पढगये
"	"	"	कैसे	०

,,	,,	११	रीतभर	रातिभर
,,	,,	१२	मिलगांदी	मिल बाटी
२७	,,	१४	विन	विननहीछू
२८	,,	१२	कस्मान	कसर नही
३०	२	६	लखय	लखाय
३२	१	९	मुझा	मुझ
,,	१	२	तपातारेताप	तापतपतारे
,,	,,	११	मीठे	मीठेरे
,,	२	३	चालोरी	चालेरे
३३	१	११	हर्षिप्फा	हर्षिपुप्फा
३४	१	२	कीजीये	नकीजीये
,,	२	१०	करखी	करणी
,,	,,	१३	छोडो	छेडो
३६	२	१३	तंतो	तूतो,

,,	,,	,,	पंसे	पैसे
,,	१	८	जुगला	चुगला
,,	२	१०	देहै	है
४०	२	१३	क्षत्रा	क्षत्रार
४१	१	४	आदि	०
४२	१	१	वाठी	बैठी
,,	१	७	मनत्रोर	मनत्रारे
४३	२	१४	कानसे	लालसे
,,	,,	४	लीलं	लीला ॥
,,	,,	,,	असके	आसके
,,	,,	१३	तूंयह	तूंकहे ॥यह
४४	,,	,,	अखण्ड	खण्ड
,,	१	६	किककरी	किंकरी
,,	२	२	देवों	०

,,	,,	,,	यो	०
४८	२	९	वमी	भवी
५१	१	१३	जोया	जोय।
,,	१	१४	वहुरें	वहु
५२	,,	१	मल	माल
५४	और	५	होहा	वैठाहो
,,	१	१०	तती	सती
५५	,,	५६	के पृष्टाक उलट लग गयेहैं	
५७	२	२	परज	परजा
,,	,,	६	नीजको	के बीच
,,	,,	७	थाराया	थरराया
,,	,,	१०	फनेरी	फफेरी
५८	१	१४	वल्ला	वल्ली
,,	२	२	नत	तन

५८	१	३	सत्यक	सत्य
,,	२	७	मोहा	माहा
,,	१	८	में	०
५९	२	१२	आदेख	आदेख
६१	२	९	पर	कर
६२	,,	१२	करोजली	कराजली
६३	१	६	धर	धन
६४	१	७	से	०
,,	२	२	कहाव	पहोच
६५	,,	१०	नवमी	दशवीं
६६	२	३	सवा	सवाय
,,	१	४	अमो	अमोल
,,	३	१२	लगते	लये
६९	१	१	चलते	हम चलते

पत्र	पृष्ठ	ओली	अशुद्ध	शुद्ध
७१	१	१	भेल	भेले
"	"	२	कोण देखे	कौन देखे
"	"	८	निकल लिय	निक लिये
"	"	१०	जहाज	जहाज में
"	"	"	चली नसरे	चाली येलरे
७२	"	९	आरी	अरी
"	"	११	सिणगरे	सिणगारे
७३	४	"	मुनिकरो	मुनिकहे
७५	१४	"	यथातथा	यथातथ्य
७७	२	"	फलेफले	फले
"	८	"	मया	रया
"	११	"	वनत्र	वन्धन

७७	पृष्ठांक		८७	७८
"	१३	१	कहवाय	कहेसोय
८१	९	१	गमावोगा	गमावोगे
८२	१२	१	आयुअन्त	आयुअन्त स म
"	१४	१	पाचवी	०
८३	१	१	पेरेरे	मेरे
"	८	१	छोगरे	जोगरे
"	१२	१	वारेरे ,	वरेरे
८३	४	१	भारे	भारे
"	१२	१	नपतिये	पतिनतये
८४	११	१	तस्य	तस्य शिष्य

इस सिवाय और भी दृष्टि दोष विग्रह मन और बुद्धि की, मन्दता से व कम्पो जिटर की अज्ञता से अनेक भूलों रह गइ है उन सब को सुधारीयेजी

अमोल ऋषि.

॥ ॐ श्रीवीतरागाय नमः ॥

॥ श्री वीरसेन कुसुम श्री चरित्र प्रारंभ ॥

॥दुहा–सचिदानन्द आनन्द कन्द । चिदाका चिद्रूप ॥ जय शुद्ध चेतन्यमय । प्रभू-जगत्के भूप॥१॥जिनवरेन्द्र त्रिकालके। हे हुवा होवे अनंत ॥ ते जग तारण युग पदे । मुझ उतमांग नमत ॥२॥ सर्वज्ञ गणेश सूरी सुती । थिविर तपश्वी अणगार ॥ विद्या चरण धारक भणी । वारम्वार नमस्कार॥ ३॥ भरम तिम्रहर विशुद्धकर । ज्ञानादि गुण दातार ॥ अगाध उपकारी गुरु भणी । नमू अनन्ती वार ॥४॥ भारती बुद्धी उद्धारती । कोविदे पूज्य कवीमाय ॥ जिनानने जे प्रगटी । नमू छू करजो सहाय ॥५॥ इत्यादि सर्व जे टका । सरण गृहूं कर जोड ॥ विघ्न हरो शांति करो । पूरो म्हारा कोड ॥६॥ चउँ विध धर्म जग तारणो । दान शील तप भाव ॥ शील शिरोमणी सर्व मे । पूरे पालक के चाव॥७॥ कुसुम श्री मोटी सती। रही विश्वराणी आवास ॥ ब्रह्म वृत शुद्ध पालियो । तस चरी करुं प्रकाश॥८॥पांच प्रमाद को परिहारी । धरी चित उत्साव ॥ नित्य नियम धरके सूणो । गृहो गुण शुभ भाव॥९॥❀ढाल१ली-धम्मो मंगल महिमा नीलो॥यह देशी शीलसे सर्वसुख संपजे।

शीले लील विलास॥शीलसेसर्व संकट टले।शीले फळे सर्व आस।शी२।सर्व द्वीपोंमें दीपता। सर्वपृथवीका मध्य॥सर्व द्वीपोंसे लघु कहा। जंबूद्वीप सुसद्य ॥ शी२॥ नग नगेन्द्र सुदर्शण। तेहथी दक्षिण दिश ॥ भरत क्षेत्र कर्म भूमीका । शोभित विश्वावसि॥शील३॥ वैताड और गंगा सिन्धू से। हुवा तस छः भाग। दक्षिण के मध्य भाग मे। शोभित है बहू जाग ॥शील४॥ कनकशाल पुर तिण विषे। स्वर्ग तणे अनुहार॥ ऋद्धि सिद्धी से पूरण भरा। दो चक्र भय निवार ॥शील ५॥ गढ पक्के कर वींटिया। कांगूरा फिरणी बूरज ॥ द्वार बहू वहूशोभिता। खाइ कपाट सूरज ॥शील ६॥ राज मार्ग चौवटादिक। पन्थ निर्मल सुख कार ॥ उतंग मेहल ने हवेलीयां। रंगीछे विविध प्रकार॥शी७॥चार-वर्ण कौम छेमिली। वसे सर्व सुख मांय। दूंदाला रुपाला कमलपति। तेह वजारे शोभाय ॥शील ८॥ धर्म स्थान घणा तिण विषे। दातार उदार प्रणाम। जाचक जन संतुष्ट रहे। पावे इच्छित आराम ॥ शील ९॥ नट खट चोर क्षुद्रादिसे। रहित वस्ती अभीराम ॥ शील संतोष दयादि गुणे। शोभे जन से गाम ॥शील १०॥ हरी केसरी तस महीपति। हरी ने केशरी समान ॥ अरी-भजे रंजे सज्जन ने। मानी मछरालो सुलतान ॥शील ११॥ न्याय नीती मे निपुण घणो। विचक्षण चित उदार॥ रुप तेज दीपे इन्द्रसमो। राष्ट ऊपर अति प्यार ॥शील १२॥ प्रीति

वी कु १

१ स्वचक्री परचक्री

२-शेठ

वासुदेव

४ सिंह १

माति पटरागणी । इन्द्राणी सी ससनूर ॥ अहीण अंगी दिस अनंगी । लज्जादि गुण भरपूर ॥शील १३॥ शीलवती ने महासती । पृतीवृत्ता पती प्राणाधार ॥ कुशल ते सकल कला विषे । धर्मार्थ काम जाणनार॥शी१४॥ भारती चंद्र सचीवजी । चारो बुद्धि निधान ॥ राज धुरंधर गुण नीलो । प्रजा को जविन प्राण ॥शील १५॥ गज गाजी रथ पायका । चतुरंगी शैन्य श्रेय कार॥ देखी कम्पेरिपु कालजा । करे ते जय २ कार ॥शील१६॥ श्रीवसी भन्डार मे । कुशल सामंत के माय । आवक जावक दोनो घणी । विलसे पुण्य पसाय ॥शी०१७॥ सूमही आदि उद्यान में । वृक्ष अनेक प्रकार ॥ बहू आकारे बहू शोभिता । नम्या फल फूल के भार ॥शी० १८॥ वेली छाइ मंडपे । फूल फूल्या गुलस्यार ॥ पक्षी युग्म क्रिडा करे । पंथी जन ने आधार ॥शी० १९॥ वावी कूपादि सरोवरे । निर्मल भरीयो नीर ॥ मिष्ट लहू निरोग्यता । कमलादि शोभे तीर ॥शील २०॥ पूर्व पुण्य पसायथी । होवे सर्व सुखदाय । मंडण ढाल पहिली कथी । अमोल ऋषि हितलाय ॥शी०२१ ❀ ॥ दुहा—सयन भवन सुहामणो । चित विचित्र रंग भर ॥ स्थंभ खूंटी ललित पूतली । सुगन्ध मह के बहू पर ॥१॥ हीरेण ईस पाया हेमकों । पंच रंग रेशमी निवार ॥ मुखमल खोली अकतुले भरी । तोपक तकीया सूखकार ॥३॥ सौम्य द्रष्टी सिंह शार्दुलो । खेलतो गगन मझार ।

१ चांदी
२ सोना

राणी उवाशी लेवतां। पेठो उदर ते वार ॥४॥ तत्क्षिण जागी हर्ष भर। मन मे स्मर नव-
कार ॥ अर्थ पूछण हंस गति करि। आइ जिहां भरतार ॥५॥ ❀॥ ढाल २ री ॥ म्हाने
साधु मिलावोरे ॥यह०॥ हम स्वपनो दीठो ॥ अर्थ कहोजी शाणा साहिबा ॥आं०॥ निद्रा
निवारण श्वामीनी सेर। माननी करे उपचार ॥ सयम सार अलापी रागणी। मधुर म-
ध्य श्वर सार जी ॥हम॥१॥ लगार निद्रागत महीपाति। विचारे किहां सूरी गाय॥ दिग
ही प्रेमला ऊभी जाणी। नेत्र विकसी जोवे राय जी ॥हम २॥ देख प्रियवति हर्ष पाय
अति। वैठी आदर दीध ॥ रत्न सिंहासणे वैठाइ पूछे। प्रमुदित आवण विधजी ॥हम
३॥ श्रम निवारी वोली प्यारी। कर जोडी उत्सहाय ॥ प्राणेश तणां पसायथी जी में।
स्वपन लियो सुखदाय जी ॥हम ४॥ सौम्य द्रष्ट शार्दुल केहँरी। रमतो खगथी आय॥
उवासी आतां पेठो पेटते। इम देखी मे जागी रायजी ॥हम ५॥ नाथ पास आइ फल
इच्छाइ। प्रकासो जी जे होय ॥ आनंदित हो वोले भूपाति। अव कमी रही नहीं
कोय जी ॥हम ६॥ सिंह समानो पुत्र प्रशवसो। जग दिनकर कुलचंद ॥ यह अर्थ
राणी हीये धारने पाइ। परमानन्द जी ॥हम ७॥ ले आज्ञा निज स्थाने आइ। धार्मिण
दासी वोलाइ ॥ धर्म कथा कर रयण गुजारी। शुभ फल की इच्छाइजी ॥हम ८॥ प्राते

क्षितीधव सेवक पास । शभा मंडप सजाइ ॥ अष्टांग निमित के जाण विबुधको । सामंत हाथ बोलाइजी ॥हम ९॥ सज हो हर्षी पंडित आया । सत्कारी रायजी बैठाय ॥ यथा विध पूछे स्वप्न फल कहो । हरिणाद्रिप जो किस्यो पाय जी ॥हम १०॥ निमंती वदे सुणीये राजेश्वर । सहू बहोतर स्वप्न बताया ॥ तीस उत्तम में चउदे श्रेष्ट अति । ते पेखे जिनेश्वर माया जी ॥हम ११॥ सात नारायण चार राम । एक मंडलिक के मुनि मात ॥ देखी तत्क्षिण जागे तेहने । कुल दीपक इम थात जी ॥हम १२॥ केहरी स्वपने केहरी सम सुत । सुर वीर थांरे थासी ॥ अरिकुल निकंद राजेश्वर वंद । मुनि मार्ग ने सो दिपासी जी ॥हम १३॥ सुणी दम्पति अति हर्षाया । सत्य मानी तस वायाँ ॥ प्रभूत धन दे घर पहोंचाया । जोतिषी अति हर्षाया जी ॥हम १४॥ सुखे राणी जी गर्भ ने पाले । दोषण सघला टाले ॥ तीन मांस वीत्या आनन्दे । दान धर्म उजमाले जी ॥ हम १५ ॥ एक दिन राय शभा मे बैठा । एक दूत विदेशी आयाँ । नृपति सन्मुख पत्र ठवीने । जय विजय वधाया जी ॥हम १६॥ अरिविंद राय कटक ले प्रबल । दिग विजय करवा जावे ॥ भक्ति शक्ति इच्छा जिम कीजे । तुमे मना आगे सिधावे जी ॥हम१७॥ सुणी नृप क्रोधातुर हो कहे । निकल तू शीघ्र ईहांसे ॥ आवू में पाछे अरिबिंद बींदवा । रहे होंशार कहे तासे जी॥

१ सिंह
२ वचन

जन सव ॥ चिन्ते यह कौन वीर। तेज रुप अजब ॥देखो ११॥ भारती चन्द सचीव । समजे सर्व भेद ॥ आणंदी सर्व सें कहे। सुणो संशय छेद ॥देखो १२॥ गर्भ प्रभाव यह महाराणी साव ॥ प्रवल शत्रू हरायो । राखी राज आंव ॥देखो १३॥ सुन सर्व आश्चर्य पाय। अति हर्षाय ॥ वीर रत्न कूंखे आये । सर्व सुख दाय ॥देखो १४॥ फोज उमराव सव आये निजठाम ॥ सर्व देश मांहे फेले । गर्भ के गुणग्राम ॥देखो १५॥ राय प्रेमला पें आये। पूछे धर प्रेम ॥ लडने की इच्छा प्रिय । तुमको हूंइ केम ॥देखो १६॥ राणी कहे वहुत दिन से। डोहला होता यह । परांजय शत्रू का करुं । जोग मिला तेह ॥दे० १७॥ गर्भ पसाय सर्व । सिद्ध हूवा काम ॥ पूत्र हुवा देस्यां इसका । वीरसेण नाम ॥दे० १८॥ दान पुण्य धर्म करते । वीते नव मास ॥ शुभ मोहूर्त कुंवर जाया हूवा प्रकाश ॥देखो १९॥ प्राते दासी राजाजीने। ज्ञावधाइ दीध ॥ धन वहुत देइ॥ तस वद्धारण कीध ॥देखो २०॥ जन्म महोत्सव मंडाया नगरकें मांय॥ दाण दंड किये बंध। बंधीवान छोडाय ॥देखो २१॥ ढाल अशुभची अहार निपाइ ॥ जिमायो परिवार ॥ धाहा "वीरसेण" नाम दिया तेवार ॥देखो २२॥ ढाल तृतीय मे ॥ कियो जन्म अधिकार॥ आगे पुण्य सुनो कहे अमोल अणगार॥ देखो ॥ २३ ॥ ❀ ॥ दूहा—शक्रेन्द्र ज्यो कुमरजी ॥ पंच धाय परिवार, ऋद्धि होवे चेन में॥रुप

१ शोभ

२ चद्रमा

तेज गुण सार ॥१॥ वसु वर्ष अनुमान से। हुवे कुमर जिसवार ॥ विद्याभ्यास करावने। आचार्य श्रेयकार ॥२॥ बोलाया शुभ महोर्त। सुरु कियो अभ्यास ॥ प्रबल प्रज्ञा पुण्य से। सीखे विनय प्रयास ॥३॥ वहोतर चौसट नर नारकी। कला धर्म राज नीति। प्रवीन भये स्वल्प काल मे। हर्ष्या सज्जन चित ॥४॥ अखूट धन कलाचार्य को। दे पहोंचाये घर। वीरसेण वे फिकरसे। क्रिडा करे वहूपर ॥५॥ बाल वय यो व्यत्तिक्रमी। जागृत हुवे नव अंग। हिरणाक्षी मन हरण को। नव योवन दिस रंग ॥६॥ लज्जा विनय मर्याद ते॥ यश विस्तर्यो जग मांय ॥ आगे कुसुम श्री तणी। चरि सुणो चित लाय ॥७❀॥ ढाल ४थी—मांग २ वर मांगणी ॥यह०॥ पुण्य से सर्व इच्छित मिले। पुण्य रहित सीदाय हो ॥ ते कारण शुभ पुण्य को। संचो हित चित लाय हो ॥पुण्य १॥ क्षिती मंडण रतन पुरी। ऋद्धि सिद्धि शोभाय हो। रत्न जडित आवास से। देवलोक लज्जाय हो ॥पुण्य २॥ कोट कांगूरा पोलने। मेहल हवेली हाट हो ॥ श्रीमत विनित नर नार से। दिखता है वहू थाट हो ॥पुण्य ३॥ रण में धीर धरी रहै। रण धीर नामें राय हो ॥ रुप पराक्रम बुध्द बले। न्याय निति से शोभाय हो ॥पुण्य ४॥ नारि रत्न रत्नावती। पटराणी सूरुप हो ॥ पतिवृता गुणकीलता। चातुरी से मोहायो भूप हो ॥पुण्य ५॥ शारद चन्द्र मंत्री गुरु। चउ

बुद्धि धरनार हो। और साहेबी बहू भूप के। योग युक्त श्रय कार हो ॥पुण्य ६॥ पण एक
खामी मोटकी। कुल में नहीं संतान हो ॥ ते चिन्ता से दम्पती। नित्य करे आर्त ध्यान
हो ॥पूण्य ७॥ मंत्र तंत्र जंतर जडी ॥ औषधादि उपचार हो ॥ कर कर सहु सो थक ग-
या ॥ न हुवो कुल आधार हो ॥पूण्य८॥ लाभांत्राय जहां लग रहे। तहां लग नहीं मिले
योग्य हो ॥ पुण्य विना कौन अवतरे। भोगवे राज के भोग हो ॥पूणम ९॥ एकदा रण
धीर राजवी। हय शैन्या करी तैयार हो ॥ गया उध्या ने क्रिडा भणी। फेरवतो तोखार
हो ॥पूण्य १०॥ तव तिहां तुरंगकी। अजगर दृष्टी ए आय हो। भडकी भगा कंतार[1] में।
फाल भरंता जाय हो ॥पुण्य ११॥ खेंच्या न रहे बाग[2] से। घबरायो नरपाल हो ॥ न जा-
णे किहां ल्हाख से। अकाले आवे काल हो ॥पू० १२॥ घोडा तो जावो आगडा। ब-
चावूं म्हारा प्राण हो ॥ तब वृक्ष एक आवीया। तात्क्षिण आया अवशान हो ॥पू० १३॥
डाली से झूली रहा। तुरी गया गिरि मांय हो ॥ महीप मही[3] पर ऊतरी। सूतो ठंडी छांय
हो ॥पू० १४॥ श्रम शम्यो निद्रा लगी। फिर सो जागृत थाय हो ॥ चिंते हूं किहां
आवीयो। अब जावूं किन ठाय हो ॥पू० १५॥ किहां राज सायबी रही। कहां शैन्या
उमराव हो ॥ हाहा कर्म विटम्बना। क्षिण में करे रंक राव हो ॥पू० १६॥ चिन्ता किये

[1] जगल
[2] चोटा
[3] पृथवी

सो क्या होवे । करना कोइ उपाव हो ॥ ज्यो सम्पत पीछी मिले । यो चिन्ती धरे ओ-
छाव हो ॥पू० १७॥ उठ चले रन उजाड मे । धुम्र निकलता जोय हो ॥ चिन्ते वन में
वन्ही हे । तो नर इहां निश्चय होय हो ॥पु० १८॥ तस अनुसार तिहां आवीया । जो-
गी देखा एक हो ॥ अशुची तन अशुद्धी में । पडा है निर विवेक हो ॥पू० १९॥ करु-
णा व्यापी घट मे । तुम्बी से जल लाय हो ॥ न्हवाइ पवित्र किया । वकल वस्त्र पहरायहो
॥पु० २०॥ तो पण शुद्ध मे न आवीया । वोलाये न कहे वाय हो ॥ जीवित के हे चि-
न्ह सहू । चिंतवे तव नरराय हो ॥पू०२१॥ मुरछा गति किम यह हुवा । सावध होवे कौन
उपाचार हो ॥ पूछूं हू कौन से इहां । ज्यों यह होवे होशार हो ॥पु० २२॥ योगी के सा
ता हुवा । होसी मोटो पुण्य हो ॥ ढाल चतुर्थी अमोल कही । पुण्यवंत को क्या न्युन हो॥
पु० २३ ❀॥ दुहा—जितनें शाख सहकार पर । सूवटो तन वहूरंग । चवी मधुर वाणी
तदा । नृप पेखी भयोदग ॥१॥ तुलसी पूछे शुक भणी । कहो खग पत यह भेद ॥ कैसे
योगी सावध हुवे । क्यो हुइ ऐसी खेद ॥२॥ कीरं कहे महीं पीर को । चडाते श्वास समा-
न ॥ चूक्या गति यह जोगीवर । ऐसे हुइ यह व्याध ॥३॥ चलो शिघ्र संग महारे । वूं
टी वतावू एक ॥ उर्द्धेश्वर नेंत्रांजने । लहे चैतन्यता विवेक ॥४॥ राय जाय लाय ते ज-

१ तोता
२ राजा

डी । यथा विधी लगाय ॥ तत्क्षिण ऋषि सावध हुवे । सनन्दाश्चर्य नृप पाय ॥५॥ ❀ ॥
ढाल ५वी–कपूर होवे अति ऊजलोरे ॥यह०॥ पग प्रणम्यों राय जोगी कार्जी। जोगी दीयो सन्मान ॥ उपकारी मोटा नर जान के जी । कहे ऋषि हर्ष आन ॥ चतुर नर। सुख दीया सुख पाय ॥आं०॥ १॥ किण पुरपत छो राजवी जी । वन में भ्रमो किण काज ॥ उपकार आज हम पर कीयो जी । दीयो जीवित दान साज ॥चतूर २॥ भूप नरमाइ कर जोडने जी । कहे हूं पामर जीव ॥ समर्थ नहीं सेवा साधवा जी । आप हो गुण अतीव ॥ चतूर ३ ॥ नहीं बन सकी कुछ मुज थकी जी । श्वामी की किंचित सेव ॥ मैं हूं रत्न पुर राए को जी । सेवक अहो भूदेव ॥चतूर ४॥ अश्व वक्रे इहां आइयोजी । देखा आप दीदार । सफल दिन लेखूं आजका जी । भेट्या जोगी सिरदार ॥ चतर ५॥ देखी नम्रता भूपकी जी । निरभिमानी मिष्ट वेण ॥हर्ष्या जोगी गया वन में जी । कंदलाया तत्क्षिण ॥ चतुर ॥ ६ ॥ वइरोयंणी ताप में धर्यो जी । फूल्यो कुंभ समान ॥ मुख छेदी झटक्यो पत्र पे जी । निकल्यो इष्ट पक्वान ॥ चतर ७ ॥ केली पत्र में धर दीयो जी । जाणे केशरीयां भात ॥ अति स्वादिक राय जीमीयां जी । ते जोगी ने संगात ॥ चतूर ८ ॥ गंगोदक पी त्रप्त हुवा जी ॥ वै ठ गिरी की छांय ॥ धर्म सवाद चरचा करे जी ॥ सेवा करे दिन चहाय ॥ चतुर ॥ ९ ॥

विनीत वितक्षण गभीरता जी। देखी चिन्तवे ऋषिराय ॥ योग्य पात्र ऐसा नहीं मिले जी। देवूं इसी को पसाय ॥चतुर १०॥ संतुष्टी कहे राय को जी। हम जोगी तज्या कन्क नार ॥ तुम हो गुणी महाराजवी जी। क्या करे तुमपर उपकार ॥चतूर ११॥ दुर्लभ्य मिलणी लि जगेजी। तीन वस्तु मुझ पास ॥ ते अर्पूं हुं तुम भणीजी ॥ नाम गुण करुं प्रकाश ॥चतुर १२॥ पहिलो चूडामणी सूवटो जी। अष्टांग निमित को जाण। अतीत अनागत दाखवेजी। सकटे बचावे प्राण ॥चतूर १३॥ दूसरो अश्व रत्न गुस रहेजी। चिन्ते जिहा क्षिण मे पहोंचाय ॥ जल थले गमन सरीखो करेजी। स्वार ही अद्रष्ट रहाय ॥चतुर १४॥ तीसरी सुख शैय्या भलीजी। मालक पीछे आय ॥ वस्त्र भूषण खान पानादि जी। देवें जहां चित चहाय ॥चतुर १५॥ सयन कीयां इस ऊपरेजी। रोग विष थाक गमाय ॥ देव शैय्या सो सुख लहे जी। मीठि निद्रा आय ॥चतुर १६॥ यह तीहुं लेइ पधारीयेजी। सुखे निज राज के मांय ॥ तुम सज्जन समारता होसी जी। तस दुःख देवो गमाय ॥ चतुर १७॥ कर जोडी भणे नृपती जी। श्वामी आप पसाय ॥ मुज घर खामी कुछ नही जी। आपही रखो इण तांय ॥चतूर १८॥ अनुग्रह होय तो दीजीये जी अपूत्र को पूत्र दान ॥ लोक अपवाद निवारके जी। रखीये कुलको मान ॥चतूर १९॥ शकुन पेखी जोगी वदेजी।

। पुत्र को नहीं तुज जोग ॥ कुसुम मंत्री देवूं तुम भणी जी । होसी पुत्री मन्योग ॥चतुर २०॥ में पण वृद्ध हुवो अवे जी । यह तिहूं वस्तु उदार ॥ मरतां चडे को दुष्ट करेजी । करेंते किस्यो प्रकार ॥ चतुर २१ ॥ खुशी से देवूं ए तुज भणी जी । धर्मी पुण्यवन्त जाण ॥ यह देजो मुज पुत्री को जी । होसी तस सुख खाण ॥चतुर २२॥ शुक शकुन साधी कहेजी । सत्य वाणी भूनाथ ॥ सुखदाइ हम होस्या सहीजी । नृप पुत्री और जमात ॥ चतुर २३॥ हट मत करो नरेश्वरजी । हम छां तुम भाग्य मांय ॥ इम अग्रह से महीपती जी । तीनो लीया पसाय॥चतुर२४॥साता दीयां साता मिली जी । देखो प्रत्यक्ष दया फल ॥ ढाल पांचमी अमोलख कहेजी । करणी फळ न विफळ ॥चतुर २५ ❀॥दुहा—खुशी होइ रणधीर जी । प्रणम्या जोगी पाय ॥ श्वामी कृपा मुझ पर करी । पधारो पुर माय ॥१॥ ऋषि कहे वस्ती विषे । हमको नहीं सुहाय ॥ आनन्द में हम यहां रहें । तुम जावो पुर राय॥२॥ अग्रह कयों मान्यो नहीं । तब सुख अश्व और राय लुळी २ जोगी पग नमी । नयनाश्रुत कहे वाय ॥ ३ ॥ परपंच फासे हम फस्या । स्वामी सेवा अंतराय ॥ भाग्योदये फिर भेटस्यां । चले पुनः प्रणमी पाय ॥४॥ अश्वारुढ भूधव भया । पलंग भया तस पूठ । सन्मुख शुख आवैठीया । चले सहू संतुष्ट ॥५॥ ढाल ६ ठी॥ वेदर्भीस्यूं मन वस्यो ॥यह०॥ अ-

श्व वके गया पछे । भूप का सेवक लोक होलाल ॥ दोडी देखे चहु दीशी । नमिल्या उप
न्यो सोक होलाल ॥ चिंतीत मिल शुभ जोग से ॥आ० १॥ थाका भागा सहू आवीया
। सुणी सहुने यह वात हो लाल ॥ हाहा कार मच्यो शेहर मे । सहु नृप को भलो चहात
हो लाल ॥चिंतीत२॥केइ प्रभुको केइ कर्मको । दोष दे करे विलाप होलाल ॥ मानता लेवे
इष्ट समरके । हेवे शीघ्र नृप मिलाप हो लाल ॥चिंतीत३॥ सामंत पुरजन भेला हो । बैठा
वाहिर शभा माय हो लाल ॥ पासा आदि शकुन लेवे । जितने आश्चर्य थाय हो लाल ॥
चिंतीत ४॥ गगन से अचानक ऊतरे । पोपट ने नर राय हो लाल ॥ शभा मध्य ऊभा हू
वा । देखी सर्व विस्माय हो लाल ॥चिंतीण ५॥ कहां से किस्तरह आवीया । ए तोता बहु
रंगी कोण हो लाल ॥ इत्यादि विचार में । सहु लगे पेखते दोन हो ला० ॥चिं० ६॥ ऊ-
भा हो सत्कार दीया सहू । बैठा सिंहासन भूप हो लाल ॥ सुख पूछे सर्व हर्ष से । पूछे वी-
तक स्वरुप हो लाल ॥चिंतीत ७॥ नृपती थोंडा में सहू । दर्शायो वीतक हाल हो लाल ॥
जोगी सेवासे पामीयां । तीनो अमोलक माल हो लाल ॥चिं० ८॥ शभा सहु जय २ क
रे । पुण्य प्रतापी राजान हो लाल ॥ अल्प दुःखे महा सुख मीलया वीरत्न गुन खान हो
लाल ॥चि० ९ ॥ राजा सज्जन को संतोष के । आया राणी पास हो लाल ॥ प्रमुदित

वनीत प्रणमी । मधुरी करे अरदास हो लाल ॥चिं० १०॥ भला पधार्या सहिवा । हमा
रा उज्याथा होस हो लाल ॥ रवे अमंगल होवे अश्वसे । दर्शने हुवो संतोप हो लाल
॥चि० ११॥ रायजी वीती वारता । तीनो ही रत्न की केय हो लाल ॥ राणी कहे कि-
स्यो कीजीये । तनुज विना यह लेय हो लाल ॥चिं० १२॥ प्रिया पती कहे भाग्यविन
। कुलाधार किम थाय हो लाल ॥ कलंक निवारण कारणे । लाया हुं एक उपाय हो ला
ल ॥चिं० १३॥ हर्षी वदे प्राणेश जी । प्रकाशो तेह उपाय हो लाल ॥ रायजी पुष्प व-
तावियो । यह सूंघ्या धूया थाय हो लाल ॥चिं० १४॥ कहे राणी भले कन्यका । हु
वासे भागसी खोड हो ला० ॥ पूत्र करीतसे मानस्या । पूरसा मन का कोड हो ला०
॥चिं० १५॥ कुसुम लेइ नृप कर थकी । हर्षी सूंघ्यो धर प्रेम हो लाल ॥ देव जोग
गर्भ वती हूइ । कुल मे वरत्यो क्षेम हो लाल ॥चिं० १६॥ पुष्प माल पेखी स्वप्न में
। वीत्या शीव नेत्र मांस हो लाल ॥ देव पुष्प शैय्या सयन की । राणी मन हूइ आ-
स हो लाल ॥चिं० १७॥ देव शैय्या किम पामीये । इम जाणी हूइ उदास हो लाल ॥
चिंतातुर राणी देख के । राजा पूछे तास हो ॥ चिं० १८॥ हर्ष समय चिन्ता किसी । इच्छो
सो कहो काम हो ला० ॥ कमी कुल आपणें नहीं । कहो सो पूरुं हाम हो ला० ॥ चिं० १९ ॥

उप जी आसा राणी कही । कहे राय यह तो सहज वात हो लाल ॥ जागा आप्या पल्ग ते । प्रगट करी देखात हो लाल ॥चिं० २०॥ ते पर सूती रत्नावती । वहोत हुइ खुशाल हो लाल ॥ ऋषि अमोलख हर्ष की । कही यह छठ्ठी ढाल हो लाल ॥चि० २१❀॥ दुहा— सुख से पाले गर्भ को । दान धर्म करे हुलास ॥ आनन्द विनोद उत्सवे । वीत्या सवा न व मांस ॥१॥ शुभ लग्ने पुत्री हुइ । चन्द्र ज्यो प्रकाश ॥ दासी वधाइ दी राय को । वद्दार ण करी तास ॥२॥ जन्म उत्सव मंडावीयो । वंदीवान छोडाय ॥ अशुची टाल मोज करी । सह परिवार जीमाय ॥३॥सर्व समक्षे कुमरी को ॥ स्वप्न डोहरुा अनुसार ॥ नाम कुसुम श्री स्थापीयो । सज्जन हर्ष्या अपार ॥४॥ शुक्ल पक्ष शशी परे । वधे रुप गुण विस्तार ॥ कीर्ती पसरी मुल्क मे । कुसुम श्री गुणागार ॥५॥ ढाल ७ मी— मुख से बोले देख जसोदा ॥यह०॥ लावणी में ॥ वर्षुवर्ष माइ आइ वाइ । माइ वाप इस विचारी ॥ सिखाणे तांइ, गणिका बोलाइ । चतूर लज्जावन्ती नारी ॥ सर्व चोसठ कलाइ स्वल्प काले माइ । स्वल्प महेनते शीखीसारी ॥ राजा हर्षाइ, गुरुणी तांइ । धन वस्त्रे वहु सत्कारी ॥ स आनंद पाइ, विदाजो थाइ । गइ निज घर सुख से पोडी ॥ पूर्व पुण्य होवे जो पूरे । तो मिलती ऐसी जोडी ॥आं० १॥ फिर चित चहाइ, साध्वी पासाइ । शिखाइ धर्म करण रीती ॥ आव-

श्यक समर्था, शील गुण नरमाइ। पतिवृता आदि नीती ॥ धर्म जाण्याइ, कूपन्थ कदाइ। ते न जाइ शीले प्रीती ॥ सर्व को सुख दाइ। सत्यवंत थाइ। उज्वाले उभय कुल क्षिती ॥ सर्व कला में सदाइ। कुशल सा वाइ। बाल ख्याल करे घर कोडी ॥पूर्व २॥ हुइ योवन वन्ती। तन मोहन्ती। जे बाला ॥ अंग उपांगी दिस अनंगी। पूर्णांगी सावी शाला ॥ नागण वेणी। लम्बी झीणी। भृंग श्रेणिसा केश काला ॥ अर्ध शशी भाली। तेज कपाली। कम्बा ताणी भूंवाला ॥ कुरंगे नयणी लज्जा लेणी। तिक्षण खूणी तिलक चोडी ॥ पूर्व ॥३॥ शुक जैसी नाशा। भरी सुवासा। अरुणोष्टासा। पुष्प कैरणी ॥ दाडिम कणियां। दंत ज्यों मणियां। सतेज स्वच्छत रंग भरणी ॥ पुष्ट कैपोली। गुलावी गोरी। अैनन गोली चंद पूरणी ॥ कम्बू गिरवा। कंचू हिरवा। वट पुष्ट युत स्तनी ॥ मच्छ जैसे उंदर। कर लंब सुंदर। कंकण वर धर रत्न चूडी ॥पूर्व ३॥ कोमल करतल। अंगुली पातल रक्त नख अमल सिहलकी ॥ पुष्ट नितवी। केली स्थम्बी। निरुम जंघी जानूढंकी ॥ उतरती पिंडी कूर्म पगतली। अंगूली मिली रेखा अंकी ॥ सोवन वरणी पतली तरुणी। गोरा हरणी सा संकी ॥ इम नख शिख सारी। रति अनुहारी। शोहे भारी कौन करे होडी ॥ पूर्व ५॥ एक दिन तस मांइ। देखी वाइ। उपवय पाइ वर जोगी ॥ चिंतें राजा जी। काममें

१

१ हिरण

२ नाक

३ कान

४ गाल

५ मुख

६ शक

१

माजी। मूल्या याजी नहीं छोगी ॥ किम कर रहे घर में । लज्जा शर में । लोक धरे भरम
देखे भोगी ॥ सिणगार सजावूं । शभामें पठावूं । राजाने देखावूं । समयोगी ॥ पीठी ल-
गाइ । न्हवाइ धोवाइ । वेश सजाइ करी रुडी ॥पूर्व ६॥ अंबोडा सिर । तेल कुसुम भर
। विन्दी बोर केकत केवडा ॥ झूमर झल के नथ के हलके । मुखडो मलके टीकी जडा
॥ हार हांसली कसी कांचली । वेरखा वाजू बन्द कडा ॥ छत फूल वींटी । कडदोरो खींटी
। रिम झिम करे झांजर तोडा । घेर दार घाघरी झीणी साडी । हात फूल मुख पान की वी
डी ॥पूर्व ७॥ मुराल गति कर । सैया परिवार । आइ शभा मांहे कुंवारी । देख सकल ज
न । आश्चर्य पाये मन । चिंते उतरी कहां से सुरनारी । पुत्री जानी राय रन्मानी । कर
घर पासे वेसारी । देखी उपवय रुप भारित गये, चिन्ता में गर्क भये तेवारी । किन्को पर
णावूं । जोग मिलावूं । सुख रहे ज्यों सदा यह जोडी ॥पूर्व ८॥ बाल वृद्ध नर अंध का
णेवर । कुष्टादि रोग धर वलहीणो । मूर्ख वैरागी । लोभी अभागी ॥ क्रोधी कूरुपो दीनो ।
निरदया निरमोही पागल सूरोही । इत्यादिने योग्य नही ईनो । योग्य वर व्यावे । तो
सुख पावे । खुशी मे जावे राइ दिनो । इम विचारी कहे ते वारि । वर सोधावू सब काम
छोडी ॥पूर्व ९॥ प्रधान बोलाइ सला ले राइ । तब तिहा जोर करे देव । परदेशी वाण्यो

राय मन जाण्यो । मुजरो कर ऊमेरेवे ॥ नृराती पूछो कहो तुम कुगछो । तब ते विस्तारी बात केवे ॥ कंक शार्दुर श्वामी हरि केशरी नामी वहू। नृराती तेहने सेवे ॥ वीरसेण कुंवर वर । रूप यौवन भर । भागी शत्रु की खोडी ॥ पूर्व १०॥ उर्व कमाली । नयन विशाली । शीश अति काली । शुकनाशी ॥ लम्बी बाया डर ऊंचाया । पृष्ट सुत्रर्ण सिळा खासी ॥ मुख पूर्णचंदू । तेजस्वी सेन्दू । गौर वर्ग गोरि डर वासी ॥ भीमज्यो पाक्रमी । वुद्धि ब्रह्मी । निष्ट ववनी सदा हुळासी । उदार प्रगामी । इत्यादी श्वामी । गुण घगा किम कहूं जीभोडी ॥ पूर्व ११ ॥ त्रीखंड माही । नर ऐसा नाहीं । जो यासे कह सो साची ॥ सुग इस कुंवरी । कुसुमे भमरी । लोभाइ मन लियो जाचो ॥ हंसीनीचो जोइ महु खुशी होइ । जाण्यो वीरसग पर राची ॥ एक वार जोवाइ । देस्यूं परणाइ । कहे राजा यह नहीं काची ॥ वाइ लजाइ । मेहल में जाइ । रहवा लागी वीरपर गोडी ॥ पूर्व १२॥ जो जस ध्यावे । सो तस पावे । जो होवे दैवको संजोग ॥ यह ढाल सताबी रशिक वतावी । शृंगार रस को मिल्यो नोगो ॥ कू इच्छा धारे ते पाप ववारे । नर्क तिर्यंचे करे सोगो ॥ सती संत शोभागी कै गुण अनुरागी । सुगे गावे होवे धर्म जोगो ॥ अमोल वाणी गुणे वखाणी । धन्य ऐसा विषय फास दी तोडी ॥ पूर्व ॥ १३ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ कुमरी

गंचा ५छे नृपती । सारद सचीव बुलाय ॥ कहे सज्ज होइ शेठ संग । कन्क शाल पुरजा
य ॥१॥ देखो केशरी राय का । वीरसेण कुमार ॥ जो होवे वाइ जोगा । तो कर जो वे
सवार ॥ २ ॥ तुम शाणा सहू जाण छो । अपणा घर व्यवहार ॥ योगा योग दे
ख जो सहू । शोक्षित सुख आचार ॥३॥ वयण ते सीश चडाय कर । जाण न योग्यजे
वात ॥ निर्णय कियो पूछी सहू । फिर उछित साज सजात ॥४॥ गर्गा महुरत चालीया
। शेठ सग प्रधान ॥ सुखे मुकाम करता सहू । आया कन्क शाळस्थान ॥५॥❀॥ ढाल
८ वी ॥ मोटी या जग मांहे मोहणी ॥यह०॥ अच्छे को अच्छा मिले । खोटे नर कोहो
खोटा मिले आय ॥ यो जग मे शुभा शुभ उदय । बहोत रंगी हो रीती बरताय ॥अच्छे॥
१॥ कन्क शाल पुर अवलोक के । शारद चंद हो आश्चर्य अति पाय ॥ क्या स्वर्ग टूट
टुकडा पडा । के देव कोइ हो रहे ग्राम वसाय ॥अच्छे॥२॥ मध्य बजारसे चल करी । ते
आया हो राज शभा मझार ॥ हर केशरी हेरी सारीखा । गुण रूप हो देख मोह्या अपार
॥अ०॥३॥ लुली मुजरो कीयो । राजाजी हो जेष्ट नर तस जाण ॥ सत्कारी नेडा ली-
या । वैठाया हो देइ सन्मान ॥अ०॥४॥ पूछे कहां से पधारीया । गाम ठाम काम हो क
हो जे मन मांय ॥ देखी नम्रता राय की । ते सचीवजी हो बोले हुलसाय ॥अ० ॥ ५॥

रत्नपुरी रण धीर पति । उनको हो में सेवक प्रधान ॥ तास राज्ञीं रत्नावति। तस पुत्री हो
कुसुम श्री गुणखान ॥अ०६॥ वरजोगी भइ रति समी । आपतनुज के हो धन्ना शाह सु
ख ॥ गुण सुण हुइ सो रागणी । सोही कार्यज हो आयो आप सन्मुख ॥अं०॥७॥ शे
ठजी से सब पूछीये । हम नीति हो ऋद्धि कंन्या गुन ॥ धन्ना कहे जोडी युक्त यह । शी
घ्र करीये हो इस रत्न के जतन ॥अ०॥८॥ नृप कहे पूछो कुमार ने । सो माने हो तो मे
री मने नाय ॥ मन्त्रीजी आये कुमर कने । रूप गुण देख हो अतीही हर्षाय॥अ०॥९॥
यह कंथ योग्य है वाइ के । दम्पतिने हो सज्जन पाय सुख ॥ हर्ष हुलसित नमन कीया।
कुमरजी हो प्रेक्षी तस सन्मुख॥अ०॥१०॥जेष्ट नर तस जाणीया । सन्मानी हो निज पास बैठाय
॥आगण कारण पूछतां । प्रधानजी हो कुमरी छबी देखाय ॥अ०॥११॥शीघ्र उठाइ जस कुमरजी
। प्रेक्षे हो एकान्त स्थान जाय॥यह है नारीके सुरी।राचा तन मन हो परणन करी चहाय॥अ० १२
॥बोलाये सचीव को।शरमी पूछेहो कहो यस उत्पत॥मन्त्री यथा तथा दाखवी।यह तन मने हो
आपहीने इछत ॥अ०॥१३॥ मोटो कुमर तणा । शुभ महूते हो कीनो सगपण ॥ लग्न महूर्त न
की करी । वीनंती करी हो जान सज्ज लावण ॥अ०॥१४॥ आया फिरी रतन पुरी । सब
वीतक हो कहा नृपने हेवाल ॥ छब्बी देखाइ कुमर की । गुण सुण जो हो भूप हुवा खु

लग्न महोत्सव हो अति जबर मन्डाय ॥
शाल ॥अ०॥१५॥ कुसुम श्री को दी छवी । लग्न महोत्सव हो अति जबर मन्डाय ॥अ०॥१६॥ रत्न पुरी च
वहांभी हरि केशर राजवी । वहू आडम्बर हो जान सज्ज कराय ॥अ०॥१६॥ रत्न पुरी च उतारेहो सुख
ल आवीये । सन्मुख आये हो रण धीर राजान ॥ वधाइ लेगये नगर मे । उतारेहो सुख
करि मकान ॥अ०॥१७॥ गयवरा रूढ वर रायजी । व्यावन को हो चले दुले राय ॥ गाय
न और बा जित्र के । नादे रह्यो हो गगन गरणाय ॥अ०॥१८॥ गोखालम्बी पेखे गोरडी ।
मार्ग में हो जम्या नरका ठाट ॥ गुण रूप लक्षी कूमरके । कहे जोडी हो योगी पुण्य गह गा
ट ॥अ०॥१९॥ महेल झरोके सासुजी । कूसमश्री हो सहेल्या परिवार ॥ वीरसेण वर निरखके
। सब पावे हो दिल हर्ष अपार॥अ०॥२०॥तोरण वदी आये चौरि में । कर मेल्या हो दम्पति
हुल्लास ॥ ढाल आठ अमोलख भणी । आगे स्वार्थ हो गत होवे प्रकाश ॥अ०॥२१॥ ❀ ॥
दोहा॥ पडदान्तर से कन्यका । वार २ वर जोय ॥ जोडी इच्छित देख के । हर्षित हियडे होय
॥१॥ काम रति सम दम्पती । निरखे सर्व सज्जन ॥ परसंस्ये आपस मे । धन्य २ कूमरी पु-
ण्य ॥२॥ जोगी जोडी जो मिले । तो धर्म अर्थ रु काम ॥ साधन सुख से कर सके । दोनो
भव ले आराम ॥३॥ यों जाणी सुखार्थीयों । मन मेलो कू योग्य॥ तो यशः सुख जग पा
वोगे । सन्मति संतती निरोग्य ॥४॥ चोर दृष्टीसे वीरजी । प्रेक्षी त्रिया गुण धाम ॥ इच्छि

त अर्धा गना मिली । पाये वहुत आराम ॥५॥❀॥ढाल ९मी॥ धन्ना मुनि धन मान व
पायो ॥ आसा वरीराग ॥ देखो जी माइ जगमां स्वार्थ सगाइ । सव निज २ मतलव च-
हाइ ॥ आंकडी ॥ काम राग सव राग से महावली । प्रेमला पति से मोहवाइ ॥ आप
जाती सारले जावै घरका । कर मावित्र से जुदाई ॥देखो॥१॥ हो अनुरागीणी कहे समक्ष
से । चित्त में देना प्राणनाथो ॥ मुझ तात घर तीन वस्तु आमोलक । तस गुण कहूं गृहो
साथां ॥देखो॥२॥ 'चूडामणी' नामे शुक सुरंगी । अष्टांग निमित का जाणो ॥ भूत भवि-
ष्य प्रकाश शकुन फल संकटे वचाव प्राणो ॥दे०॥३॥ दूसरा अश्व 'मनोवेग' नामे । चि-
न्तित स्थान पहोंचावे ॥ जल थल गगन गति कर जावे । वक्त पर काम सो अवे ॥दे०॥
४॥ तीसरी सैय्या चिन्तामणी जाणी । वस्त्र भूषण आहार पाणी ॥ चहावे तहां ते अर्पे
तत्क्षीण । चिन्ता सर्व मिटाणी ॥दे०॥५॥ शयन किये उस में सर्व अंग के । रोग क्लेश
विरलावे ॥ स्थावर जंगम विष पणा से । संग रहे गुप्त स्वभावे ॥वे०॥६॥ यह तीनों व-
स्तू त्रिजग दुर्लभ । मुझ तात पास है श्वामी ॥ जो यह लगजावे अपणे हाथ तो । फिर
रहे कुछ न खामी॥दे०॥७॥हस्त मोचन वक्त येही जाच जो । मत होना अन्य के गरजी
॥ अती अग्रहसे अरजी म भूल जो । आगे आपकी मरजी ॥दे०॥८॥ यों समझी वीर

आश्चर्य पाय । अहो त्रिया को स्नेहो ॥ मिलतेही घर का सार बताया । क्या करेगी आ-
येगेह हो ॥दे०॥९॥ यह तीनों रत्नों को न चहावै । महा पुण्ये कर आवे ॥ यों चिन्ति
याचन कियो निश्चय । जब लग्न विधि निपटावै ॥दे०॥१०॥ हस्त मूकाते रण धीर जंपे ।
जो चाहिये सो लीजो ॥ शरम न कीजे घर यह तुमारा । मन में होवे सो कीजें ॥दे०॥११
॥ स्मरी वयण वीरसेण पयंपे । शुक सैय्या अश्व दीजे ॥ तीनों रत्नकी चहा अति महारे ।
और न कांइ चहीजे ॥दे०॥१२॥ खेदाश्चर्य सुण नृपति पामें । मन में करे विचारो ॥ यह
मेरे घरका गुह्य क्या जाने । कुमरीने किया उच्चारो ॥दे०॥१३॥ मेरे तो देना था इनी को
। विन मांगेही देता ॥ परन्तु हा हा स्वार्थ सगाइ । आश्चर्य मोटा एतो ॥दे०॥१४॥ तनु-
जा काजे जोगी सेवे । जीव जों यत्ने पाली ॥ योग्य वर देखी परणाइ । यह तो सार
ले चाली ॥दे०॥१५॥ मेजानता यह पुत्री म्हारी । यह हुइ प्रीतम प्यारी ॥ सर्व राजका
सार बताया । फिकर न कीनी म्हारी ॥दे०॥१६॥ धी धी धी ज्ञानी कहे संसार को । सो
मे प्रत्यक्ष देखा ॥ धी धी मुझको तनुज के कामे । नर भव किया अलेखा ॥दे०॥१७॥
इस कामें कु गुरू देव माने । हिंसादि पाप करिये ॥ उसके फल यहां प्रत्यक्ष देखे । आ-
गे केरी अनुसरीये ॥दे०॥१८॥ होनहार सो तो होगया है । पस्ताये क्या होवै ॥ बाकी र

ही है उसेही सुधारुं । तो भी आत्म सुख जोवे ॥दे॥१९॥ परन्तु अभीवेराग्य कथा तो ।
करनी युक्ति नाहीं ॥ प्रारंभा काम को पार करना । आगे आत्म सुधारांइ ॥देखो॥२०॥
रङ्ग में भङ्ग होने के डर से । वैराग्य भाव को दाबाइ ॥ कहेतीनों रत्नादिये मेने तुमको ॥
और कहो क्या चहाई ॥देखो॥२१॥ दम्पाति को रङ्ग मन्डप पहेंचाय । सज्जन सब हर्षाये
॥ भोजन भाक्ति युक्ति करीसहू । सवही जन सुखपाये ॥देखो॥२२। उदारता परशंस्ये नृ
पतकी । प्राण प्यारी वस्तुदीनी ॥ अमोल कहे धन्य रागे वैरागे । तानेही मोक्ष दीग की
नी ॥देखो॥२३॥ दोहा॥ निजराणी को रायजी । कही सहूमनकी बात ॥ हम दी-
क्षा अवलेयगे ।कहो तुम मन क्या चहात ॥१॥ राणी कहे मुझे आपाविन । सद सूना संसा
र ॥ में भी आर्जिका होवूंगी । जो आप बनो अणगार ॥२॥ प्राते पुती जमात को ।सज्ज
न स्नेही परिवार ॥ बोलाइ कहे रायजी । सुनिये मेरा विचार ॥३॥ धारा सो काम सिद्ध हु
वा । वीरसेण राज जोग ॥ हम सुधारे आत्म निज । आवना इच्छित योग ॥४॥ मना कि
या मानूं नाहीं । सो वात की एक वात॥ यों सुण सब चुंपके हुवे । गाम में हुवे विख्यात
॥५॥ढाल १० वी॥ पणी हारिकी देशीमें ॥ हरी केशरी नृप यों सुणी ॥ सुणो रायारे ॥आ-
गगगभीर पास ॥ अहो सुणो रायारे ॥ कहे तुमतो चातुर चणे ॥ सुणो ॥ जरा ऊंडा क-

रांये विमास ॥अहो॥१॥ रङ्ग में भङ्ग न कीजीये सुणो ॥ यह तो वजे वालख्याल ॥अहो।
नृंद्वये प्राप्ती भये ॥सुणो॥ लेना संयम उजमाल ॥अहो॥२॥ रणधीर कहे सुणो राजजी
सुणो॥ चातुरहो वोलो किसपेर ॥अहो॥पाव पल्या का भरोसा नही ॥सुणो॥ कैसे करुं में दे
र ॥अहो॥३॥ वाल ख्याल है जगत् का ॥सुणो॥ पुण्य खुटे विरलाय ॥अहो॥ ज्ञानी उनों-
कोही जानीये ॥सुणो॥ अवसर गा छिटकाय ॥अहो॥४॥ तुमभी चेतो इस अवसरे॥सुणो॥
वोतो छोडी वात ॥अहो॥ मेरे कोही फसावते ॥सुणो॥ यह क्या योग्य कहात ॥अहो॥५
हरिकेशर वेरागी से भणे ॥सुणो॥ धन्य २ तुम अवतार ॥अहो॥ स शक्ति संयमवरो॥सुणो॥
हम लुब्धे भोग मझार ॥अहो॥६॥ यों कह निज उतारे गयां ॥सुणो॥ कुसुमश्री आइ दोड
॥अहो॥ मात तात के पगमें नमी ॥सुणो॥ रुदन्तिकहे करजोड ॥अहो॥७॥ क्यों छोडकर
जावो तातजी ॥सुणो॥ माता मुझ किसका आधार ॥अहो॥ सासरे दुःख होवे नारीको ॥सु-
॥सुणो॥ पीयरीये कर संभार ॥अहो॥८॥ विश्वासी नृपराणी वदे ॥सुणो॥ तेरेकमी कुछना
य ॥अहो॥ पुण्यात्म प्रीतममिले ॥सुणो॥ और सव सामग्री सहाय ॥अहो॥९॥ यह राजभी
देवूं तुझ भणी ॥सुणो॥ रहो तुम इच्छा चार ॥अहो॥ हमसुधारे निज आतमा ॥सुणो॥ हटक
रे नहीं निकलेसार ॥अहो॥१०॥ यों समझाइ पुत्री भणी ॥सुणो॥ तव मन्त्रि परजा आ

य ॥अहो॥ प्रणमी ऊने नृप सन्मुखे ॥सुणो॥ नृपसन्तोषे सर्व तांय ॥अहो॥११॥ वीरसेण जी राज्य जोगहे ॥सुणो॥ सर्व भणी सुख कार ॥अहो॥ योग्य सुख सबको अर्पगे ॥सुणो॥ यों सब को समझाय ॥अहो॥१२॥ उत्सव कर वीरसेण को ॥सुणो॥ राज तखत बैठाय ॥अहो॥ नीति रीति दरसायदी ॥सुणो॥ दीन दुहाई फिराय ॥अहो॥१३॥ तब तहां पुण्योदय करी ॥ सुणो॥ धर्मोदय ऋषिराय ॥अहो॥ पधारे उतरे बाग में ॥सुणो॥ बहुत साधूसे सोभाय ॥अहो॥१४॥ राजा आदि सुण हर्षीया ॥सुणो॥ संगले सर्व परिवार॥अहो॥ आये वन्दे मुनिराजको ॥सुणो॥ सुणने धर्म उचार ॥अहो॥१५॥ मुनिवर देवे देशना ॥सुणो॥ अनित्य अशुचि शरीर ॥अहो॥ अशाश्वति सर्व सम्पदा ॥सुणो॥ धर्म करो शीघ्र वीर ॥अहो॥१६॥ इत्यादि बोध श्रवण करी ॥सुणो॥ परिषद सर्व हर्षाय ॥अहो॥ यथा शक्ति व्रत आदरी ॥सुणो॥ निज निज स्थाने जाय ॥अहो॥१७॥ रणधीरवन्दि मुनिसे कहे ॥सुणो॥ मे लेवूंगा संमय भार ॥अहो॥ मुनिवर कहे शीघ्रकीजीये ॥सुणो॥ धर्म में ढील नी वार ॥अहो॥१८॥ वंदि आये राजमे ॥सुणो॥ दीक्षा ओत्सव मंडाय ॥अहो॥ राजा राणी सव होय कर ॥सुणो॥ आडम्बर बाग मे आय ॥अहो॥१९॥ लोच करी वेष धारियो ॥सुणो॥ साधु सतीका श्रेयकार ॥अहो॥ लीदीक्षा शुभजोग से॥सुणो॥ वंदीगयो परिवार

॥अहो॥२०॥ साधु साधुमे सती सती मं ॥सुणो॥ रहेशुद्ध पाले आचार ॥अहो॥ असेवना
रु ग्रहणा शिक्षा ॥सुणो॥ शीखे विनय भक्तिधार ॥अहो॥२१॥❀॥ तप जप करणी समा
चरे ॥सुणो॥ ज्ञान ध्यान आत्म रमाय ॥अहो॥ अन्ते आलोइ अणसण करी ॥सुणो॥ स्व
र्ग विराजे जाय ॥अहो॥२२॥ भवकर मोक्षसिधायेगे ॥सुणो॥ यह हुइ दशवी ढाल ॥अ
हो॥ अमोल कहे सुज्ञ सांभलो ॥अहो॥ करणी करोउजमाल ॥अहो ॥२३॥❀॥ दोहा॥
फिर हरीकेशर रायजी । राज संभालण काज ॥ कुमरको तहां छोडकर । चले लेइ निजसा
ज ॥१॥ सीम तक पहोचान को । गये वीरसेण कुमार ॥ पग प्रणमे फिरतात के । नरमी
करे उचार ॥२॥ भूलजो मत अनुचर को । भेटूंगा अवसर पाय ॥ खमजो अविनय जो
हुवा । आपकाजानो सदाय ॥३॥ तात तनुज उरचम्य के । सुखी रहो दे आसीस ॥ ध
र्म व्यवहार सुधारजो । पूरजो सज्जन जगीस ॥४॥ उभय चले भिन्न २ दिशा । आये नि
ज २ स्थान ॥ सुखे २ काला अतिक्रमें । संचे पुण्य धर्म दान ॥५॥❀॥ ढाल॥११वी॥ ध
नरारे लोभी वाणीया ॥यह॥ वीरसेण नृप सोभागीया । सुखसे पाले राजोरे ॥ स्वजन पु-
र जन मन झालवै । साधे आत्म को काजोरे ॥वीर॥१॥ विद्यालय ओपधालय । अनाथा
लय स्थापेरे । दानशाल धर्मशाल करा योग्य वस्तु सदा आपेरे ॥वीर॥२॥ तोल माप तो

वदावीये । हांसलदंड घटायेजी ॥ लायकी बढाइ कामदारोंकी । यों सब वसमें आयेजी
॥वी॥३॥ सब परसंस्ये वीरको । नृपति अच्छे पायेजी ॥ दुःख गमाया जगत् का । चिरं
जीवोजी ऐसे रायाजी ॥वीर॥४॥ कुसुमासी पति रंजणी । शील लज्जा बुद्धिवन्तिजी ।
नमण खमण गुणगण करी ॥ सुख सबको देवन्तिजी ॥वीर॥५॥ आप भला तो जग भ-
ला । गुणवन्त को गुणवन्त पावेजी ॥ पुण्य जोग जग जीवडा ॥ अचिन्त ऋद्धिपावेजी
॥वीर॥६॥ एकदा करे विचारणा । वर्ष बहूत वीत्याइजी ॥ भेटूं मावित्र मित्रको । शीघ्र क
न्क शाल जाइजी ॥वीर॥७॥ कुसुमश्री को पूछीया । हर्षीकरे सा उचारेजी ॥ मुझ मन-
में यह उमंग अति । वास बतावो तुमारेजी ॥वीर॥८॥ महामंत्री को बोलायके । राज का
ज संभलायेजी ॥ हम जावे सज्जन मिलण को । हांश्यारी से रहजो सदायेजी ॥वीर॥९॥
सिरांजली कर सोवदें । सुखे पधारो श्वामीजी ॥ फिकरन करिये गाछली । नहींसी कोइ खा
मीजी॥वीर॥१०॥ सेनापति को बोलायके । कहे यहां रखो फोज आधीजी । आधी हम सं
ग चालिये । न होवे कोइ उपाधीजी ॥वीर॥११॥ राजा राणी सज हुवा । सुखासन वाहन
वैसीजी ॥ सवपरिवारे पगवारे । चाले हर्ष विशेसीजी ॥वीर॥१२॥ मध्य वजार हो संचरे ।
प्रजा पहोचावें चालीजी ॥ हदलग आ नमे नृपको । कहे वेगा लीजो संभालीजो ॥वीर।

॥१३॥ परजा जन पीछे फीरे । नृपगमन आगे कीधाजी ॥ एक योजन के अन्तरे । पडा-
व जाकर दीधाजी ॥वीर॥१४॥ चिन्ते वीरसेना सगे । दिनलग जाय घणेरारे । मनोवेग अ
श्वमेरेकने । फिर क्यो करना देरारे ॥वीर॥१५॥ सेना पतिको बुला कहे । महतो जावेंगे आ
गेरे । तुम सुखे २ पीछे आइये । हम मिलेगे निज जागेरे ॥वीर॥१६॥ वचन प्रमाण उसने
कीया । वीरसेण अश्वसयायारे ॥ दोनों आरुढ हुवे । वीरसे वचन बोलायारे ॥वीर॥
॥१७॥ होणहार के जोगसे । कन्कशाल नाम भूलेरे ॥ कुसुम श्रीमनमे रमे । कुसुमपुरवो
ले प्रतिकूलेरे ॥वीर॥१८॥ मोहलेहर से जो निपजे । सो देखो भव्य भावेरे ॥ ततक्षीण हय ग
गने चला । वायुवेग दरशावेरे ॥वीर॥१९॥ आगे अकित कुसुमश्री । तोतोतस खोले मा
हीरे ॥ शय्या गुप्त आती पीछेसे । जग पेखंतासो जाइरे ॥वीर॥२०॥ थोडीही देरमे वीर-
जी । कुसुमपुरी वार आवेजी । हणणा के तुरी ऊभा रहा । अमोल ढाछ ग्यारे थावेजी ।वी
र॥२१॥❀॥ हरिगीत च्छन्द ॥ प्रथम खन्ड अखन्ड रङ्ग पुण्य फल सङ्ग कहा । वीरसेण कु
सुमश्री का संजोग पुण्य मेला रहा ॥ शृंगार और वैराग्य रस चख श्रोताको मन गेहगहा
॥ कहे अमोल कोतक कर्मगत ॥ अगे सुणीये यथा जहा ॥१॥

परम पूज्य श्री कहानजी ऋषिजी महाराज के सम्प्रदा के

वाल ब्रह्मचारी मुनिश्री अमोल ऋषिजी महाराज रचित वीरसेण
कुसुम श्री चरित्रका
पुण्य प्रवन्ध नामे प्रथम खण्ड समाप्तम्

—❀—❀—❀—❀—❀—

॥दोहा॥ विश्वसिरे विश्वेश्वरु । स्वरुपे सिद्ध अनन्त ॥ द्वितीये खन्डा रंभकरत । प्रणमुं वार अत्यन्त॥१॥ प्रभु शुभा शुभकर्म से। छूट भये अवीकार॥ जगजन्तु फसे कर्म में । दुःख सुख सहे वारम्वारा ॥२॥ सुख वल्लभ सवजीवको । सो प्रभुस्मरण से होय ॥ यों जाणके सुख अर्थीयों । प्रभु मत विसरे कोय ॥३॥ उद्योत ढिग अंधन्कारहे। त्यों सुख दुःख का मेल । वीरसेण कुसुमश्री । मिल देखा यह खेल ॥४॥ कर्म ग्रन्थकी वात को । केवली कथीस के नाय ॥ पण किंचित वरणन् करुं। सुणना सव चित्तलाय ॥५॥ उस अवसर वीरसेण नृप । देखेदृष्टि प्रसार ॥ वनलागे विहामणा । नर पशुविन शुन्य कार ॥६॥ बृक्ष अच्छा दित वेलीसे । मार्ग छाया कंटघास ॥ स्थान २ हड्डी ढग लगे । सव खाली पडे घांस ॥७॥ दूसरे श्रवण मे पडे । रौद्र पशुकी पोकार ॥ विस्मय पाये चित अति । अहो यह क्या प्रकार ॥८॥ कहां आया अश्वमुझ लइ । क्या आगे होन हार ॥ दिगमूढ शून्य चित्त भये ।स

चन सद्‌विचार ॥९॥❀॥ ढाल १ ली॥ रंगीला सूडा ॥ यह राग ॥ वीरसेण चिन्ते चित्त माहे । यह कन्क शाल भूमी नाहै । देव तुंरग कैसे भूलौहैरे ॥ रंगीला राया ॥१॥ चिन्ता समुद्रके माये । चित्त गोता रहा हे लगाय ।दिगमूढज्यो सुच न उपायरे ॥रंगी॥२॥ सुक पक्षी देख यहहाल । श्वामी चित्त करने वहाल । सन्मुख आया तत्कालैरि॥रंगी॥३॥ कहे हम सम सेवक श्वामी । तोहे आपके कैसे खामी । फरमावो जो मन हामी हो ॥रंगी॥४॥ तव वीरं कहे सुणोभाइ । मुझ निश्चय न कुछ थाइ । अपन उडआये किसजाइ हो ॥रंगीलासूडा॥५॥ कीर कहे अहो राया । जोगाम नाम आप फरमाया । तहांही अश्व यह लायारे॥ रंगीलाराय ॥६॥ रायकहे कन्कशाल । नहीं नगर का यह थाल । यह दिखे साक्षात महा कालरे ।रंगी॥७॥ तोता कहेयहकुसुमपुरी । जो आप मुलेऊचरी ।अब क्यों जातेहो फीरीरे ॥रगीलाराया॥८॥ यों सुणते वीर शरमाये ।,मूल राणी का नाम मुह आये । तोताभी तव मुस्कायेरे ॥रं० रा०॥९॥ श्वामी हम वाइ गुणधामी । सदा आप चित्तकी विश्रामी ॥ सोही वोला यावक्त नामिहो ॥ रं० रा०॥१०॥ नृपकहे सचभाई । यह नगर जो नाम कहवाइ । तव कुसुमश्री मुलकाइरे ॥ रं० रा०॥११॥ ऐसा प्रेम रखना सदाइ । तुमपे वारु प्राण ने तांइ। अव आगे करणा कांइहो ॥ रं० रा०॥१२॥ सुक कहे कन्कशाल चलीये । रायकहे भूखे मो-

जन से मिलीये । राणीकहे शय्यासे आस फलीयेहो ॥ रं० रा०॥१३॥ तव पिलंग को प्रकट कीना । करिपूजा कहे देवो चीना । तुष्ट शय्या देव इष्ट तस दीना हो ॥ रं०॥१४॥ विछा यत वाजोट पाट । सुवर्णथाल रत्नकें वाट । रत्न जडित झारि मल मलाटेर ॥ रं० रा०॥१५ सन्मुख दम्पति विराजे । वीचमें भोजनीक सब साज । तव भोजन विविध प्रकट याजरे ॥रं० रा०॥१६॥ लड्डुश्रीकेसरीया । मोतीचूर चूरमा पचवरिया । खूब मेवा मशाला भरिया रे ॥ रं० रा०॥१७॥ घेवर कलाकन्द ताजा । पेडा कलम पेठा खाजा । वडा पकोडि खरिसें व साजरे ॥ रं० रा०॥१८॥ हलवा लापसि कसार । फुलका पुडि लुची पूवासार । तैसे अ-थगा केइप्रकाररे ॥ रं० रा०॥१९॥ झोलकी फरकी तरकारि । घृत मशाले वघारी धूंगारी । वासुंदी राइतो श्रेयकरिरे ॥ रं० रा॥२०॥ मेवा खीचडी दाल भात । सुगन्धी घृतरेले वहात । पापड गोलीयों केइ भांतेर ॥रं०॥२१॥ सब शैय्या से प्रगटावे । कुसुमश्री पुरसती जावे । वहूत मनवार कर जीमावेरे रं०॥२२॥ थोडे २ भोगव त्रसीआवे । शीतोदक भोगव शुद्ध थावे ॥ जल अरोगी सुख मनावेरे ॥ रं०॥२३॥ तव थाल कटोर विरलाइ । मुखवास रकेबी आइ । पान फोफल चूरण खवाइरे ॥ रं०॥२४॥ सोभी चाखे यथा इच्छाइ । पाचन डकार [illegible] । तव शयनकी इच्छाथाइ हो ॥ रं०॥२५॥ [illegible] तोशक त

कीये ऊपर जालीवारो । तहां वेठे दम्पति चेन चारोरे ॥ शं॥२६॥ यह देवनेभी सब वातां । विस्तारे ग्रन्थ वडजाता । ताते संक्षेपे चेतातारे ॥ र०॥२७॥ द्वितीय खन्ड पहली ढाले । पुण्यफल प्रत्यक्ष निहालो । कहे अमोल सबो उजमालोर ॥ रंगीलाराया ॥२८॥❀॥दोहा॥ तोता को खानेदिये । मेवा पिस्ता वादाम ॥ फल पुष्प बहू भॉतके । सोभी पाया आराम ॥१॥ अश्वकोभी तव अर्पिये । उत्तम दाणा घास ॥ उदकपी तृप्तहुवा । पायाचित्त हुलास ॥२॥ दम्पति वैठे सेजपे । करते बात वीनोद ॥ जंगल में मगल हुवा। माने मन प्रमोद ॥३॥ तोता रेहतरु डालपर । करे रागणी ललकार ॥ समयोचित भापकरी । रींजावे निज शिरकार ॥४॥ साक्षात जाने स्वर्गमे । वैठ वीरसेण जाय ॥ तासहृदय की खुशी । को सके मुख वरणाय ॥५॥❀॥ ढाल २ री॥ प्रभू जगत् पति तुम छोजी ॥यह०॥ कौतुम कथा यह भारी । चित्त स्थिर कर सुणो नरनारी ॥टेर॥ सर्व सुस्त हुवे उस वारो । कान शब्द पडा भयकारो । वीर डर करऊभे तत्कारो । देखो चहुदिशा दृष्टि प्रसारी ॥चित्त॥१॥ कहे तोता मत घबरावो । पूछे नृपति क्या यह डावो । कीर कहे कुसुमपुर इस ठावो ।सो उजाड हे इस वारी । चित्त॥२॥ उसमे पशु आकर भराये । सियाल चिते सिंह वनराये । सबमिलकर शोरमचाये । नृप देखने करी इच्छारी ॥चित्त॥३॥ सुक कहे निजनगर पधारो । यह

देखन में नहीं सारो । रखे विघन होवे कोई न्यारो । मुझे शङ्का पडेहै इस वारी॥चित्त॥४॥
कहे मूरत इस वन मांय । कौन विघन करन को आय । अपन भी कमी कुछ नाय ।
सुन शुक रहा मौन धारी ॥चित्त॥५॥ मनोवेग अश्वरूढ थाइ । सव साथ में लीनी सज्झा
इ । नगर सन्मुख चले उमंगाइ । हो तव जैसी मति होवे जहारी ॥चित॥६॥ ज्यों ज्यो
पुर पास यह जावे । त्यों क्रूर शब्द अधिक सुनावे । तव जरा डर मन में लावे । अन्दर
जाने हिम्मत हारी ॥चित्त॥७॥ तव ग्राम द्वारके पासे । एक मन्दिर दिव्य प्रकाशे । शि-
खर गगनालम्बी भासे । रवी कीरण सारहा मठ कारी ॥चित्त॥८॥ अश्व खडा किया
उस वारे । तीनो प्रवेशे देवल मझारे । चित्र विचित्र भीती निहारे । सुवर्ण जाय रत्न जडी
सारि ॥चित्त॥९॥ स्त्री मूर्ती मणी रत्नारी । देख जानी देवी ग्राम रखवारी । पूजा सामग्री
वहां सारी । दम्पाति गये देख अचंभारी ॥चित्त॥१०॥ शुक से पूछे तव राय । ऐसी रक्षक
नगर शुन्य थाय ॥ यह आश्चर्य मुझको आय । तव राघु ज्ञान वले ऊचारी ॥चित्त॥११॥
इस कुसुमपुर का सुर राजा । महा मिथ्यात्वी करत अकाजा । गया सीकार खेलने का-
जा । एक मुनिवर वन में देखारी ॥चित्त॥१२॥ तपोधनी ध्यान मझारो । तस पूछे नृप उ
सवारो । कोइ देवी तुम ने सीकारो । मुनि मौन रहे तव धारी ॥चित्त॥१३॥ असरत्त हो

। मुनि धर्म शुक्ल ध्यान ध्यावे । अतिकोपा तव राय बोलावे । नही बोले चपेटा लगावे । मुनी तन माला से भेदे री । चलनी जे अहंकारी ॥चित्त॥१४॥ कहेतूही सीकार है मेरी । मुनी तन माला से भेदेरी । चलनी जे मे छिद्रकियेरी । छूटीरक्त धार पिचकारी ॥चित्त॥१५॥ मुनिनरक की वेदना संभारे । तैसी वेदना नही है यारे । तेसी भोगवी अनन्ती वारे । यह निर्जरा करे अपारी ॥चित्त॥१६॥ तेने पाप का सञ्चय कीना । सूरनृप तस फल यह दीना । मेटे दुःख तेरे खोटी गातिना । यह तो मेरा महा उपगारी ॥चित्त॥१७॥ यों उज्वल भावना भाते । घनधातिक कर्म खपाते । मुनिकेवल ज्ञान तव पाते । अन्तगडहो मोक्ष पधारी ॥चित्त॥१८॥ निर्वाण महोत्सव के तांई । देवोंकी छत्त गगनमे छाइ । देव दुंदमी इन सुनगाइ । यह देवीगइ तव तहां री ॥चित्त१९॥ अकाले मुनिमरण देखा । जाना भूप गुन्हेगार विशेखा । विनगुन्हे अनर्थ यह लेखा । गइ अतिको प माही भरारी ॥चि. २०॥ महा विकराल रुप बनाई । कोपी किलकारी लगाइ । तासेनगरी सब धरराइ । जाना पापसे देवरुठारी ॥चि. २१॥ सब जीव बचाने भागे । छोडके धन पुत्री नारी जागे । कितने दके कितने नागे । मरण भय सबसे भारी ॥चि २२॥ कितनेक मरेधस्काई । बहुत मुरदे पडे उनकाइ । सुरनृप यह देख घव राइ करी भगनेकी तव इच्छारी ॥चि. २३॥ मेसुरीतस शिखा को सहाइ । चकीकी तरह फिराइ । क्यों साधु सताये अन्याइ । दिया खड्गसे सिरउडारी ॥चित

।।२४।। मर कुगति में सोसिधाया। तबसे उजड पुराया। यों पाप के फल बताया । यह देवी हे न्याय कारी ।।चित।।२५।। मुझ निमित मे यों भासे । यह देवी फिर नगर वसासे । आपको राजा यहां थापासे । यह सत्य है रखना धारी ।।चित्त।।२६।। सुण वीरसेण विस्माया । पाप के फल से डर पाया। ढाल दूसरी अमोल सुणाया । करो धर्म सदा सुख कारी ।।चित्त।।२७।।❀।।दोहा।। यों बातोंकी विनोद में। दिन कर्ता अस्तथाय ।।पशु प्रकटे पक्षी छिपे । अन्धकार जग छाय ।।१।। देवालायसे अन्तरे। स्वच्छ सुखद स्थल जान ।। वीरसेण परिवार युत । रहे आकर उसस्थान ।।२।। शकुन अनुसारे शुक कहे । सुणो श्वामी एकवात ।। आज निशी अपने विषे। होवेगा कोइ उत्पात ।।३।। इसलिये होंश्यारी से । पूरे करों च्यहू प्रेहर ।। नृप कहे सरस आहार से । आती प्रमाद की लेहर ।।४।। शुक कहे पहिले अपही । करोदो जामे विश्राम ।। में जागी पहरो देवुं । फिर आपरक्ष जो श्वाम ।।५।। जागते ऊपर ताकता । आ नहीं पडे कदाय ।। एक रातकी क्या कथा। सहज देवों विलाय ।।६।। धोका तो मुझ मन अति । पण प्रभू करेंगे खेर ।। जो इस शंकट से बचे । तो फिर नही फिकेर ।।७।।❀।।ढाल ३ री।। विछीया की देशीमें ।। हां रे लाला ऐसे वचन शुक के सुनी । वीरजीके आये दायरे लाला ।। भलां माइ ऐसे कीजीये । दम्पति सूते सुख

मांयरेलाला ॥१॥ कर्मों की कथा सुण चित्तधरो। होनहार सो होहायर लाला ॥ बन्ध उदय
गत भोगवे । तस टाली सके नहीं कोयरे लाला ॥कर्मों॥२॥ वरिसेण निद्रागत हुवो । तो
ता रखवाली कराय रे० ॥ छल छिद्र होने लगे । पण पोपट नाही ठगायरे० ॥कर्मों॥३॥
अरधी सरवरी अति क्रमी । वीरसेण हुवे सावधान रे० ॥ चतुर मन चिन्ता वसे । सोही
दी हुइपाले जबान रे० ॥कर्मों॥४॥ सूडा कहे अहो नृपति । आप सोवो सुखमांय रे०॥
रक्षक मुझको रहन दो । रखे जासो आप ठगाय रे० ॥को॥५॥ वीर कहेरे भोलीया । मु-
झ पशु से गिने निकाम रे० ॥ ले निद्रा तूं तो सुखसे। मैं रक्षक भय मत पाम रे०।।कर्मों॥
६॥ यों सुण तोतो चुपरह्यो । जागे तोभी निद्रित होयरे ॥ वीर करवाल नंगी ग्रही । देवे
पहरो चौबाजू जोयरे० ॥कर्मों॥७॥ तव तहां से कुछ अन्तरे । सुनायो नाटिक झणकार रे.
छे राग तीस रागणी । जाने गावे किन्नर सुर साररे० ॥कर्मों॥८॥ तासे गगन गरणा गयो
। सुगवीरजी आश्चार्य पायरे० ॥ हंग दिग पट फेंके तदा । ते देवालयमे देखायरे० ॥कर्मों
॥९॥ दिव्य प्रकाश रवी किरण सा । देखा मन्दिर मांयरे० आश्चर्य चकित हो चिन्तवे। इ
समेही नाचे गायरे० ॥कर्मो॥१०॥ अमरअमरी मिल इहां । करेहे इछित विनोदरे० ॥ हाहा
यह अपूर्व रचना । देखे उपजे प्रमोदरेला. ॥कर्मों॥११॥ अनोपम नाटक देवका । मनुष्य देख

३ तोता
४ दासी
रेवा

न कैसे पायरे० ॥अचिन्त्य पुण्ये अवसर मिला । मैं देखूंदेवस्थान जायरे०।कर्मों॥१२। कुसुमश्री को जगावइ । कहे रहना प्रिया होंस्याररे० ॥ देहीकी चिन्ता निवार के मे पीछा आता इसीवाररे॥ कर्मो॥१३॥ रागे अकर्पा भूपति । चले सो देखन नृत्यरे० ॥ राणी चिन्ते चित्तमे । रखे प्रमादे होवे अकृत्य रे०॥कर्मों॥१४॥ शैय्यासें नीचे रही । ऊभी निद्रामें झोका खायरे० ॥वैठी वृक्षके आसरे ॥ गइ निद्रामे घेरायरे० ॥कर्मों॥१५॥ वीरजी पहोंचे देवालय । देखा अन्धारा घोररे ॥ प्रकाश नृत्य गीत कुछ नहीं । तब डरपाये दिल ओर रे०॥कर्मो॥१६॥ पुनःपेखे चारोंदिशी । प्रकाश नाहीं देखायरे० । शब्द कछु सुणावे नहीं । मन आश्चर्य अतिही पायरे० ॥कर्मो॥१७॥ रचना यह इन्द्रजाल सम । विरालाइ देखाइ मौयरे० ॥ इच्छा मेरी पूर्णी नही । कारण है यह कोयरे० ॥कर्मो॥१८॥ बात स्मरण शुक की हुइ । मनमें गये धस्कायरे० ॥ रखे कोइ विघन हुवे । इन्द्र जाल में मुझको फसायरे०॥कर्मो॥१९॥ रखे हरण होवे नारीको । शैयातुरी लेजायरे० ॥ यों घबराते वीरजी । चले शीघ्र उसीवार छायरे० ॥कर्मो॥२०॥ होन हार सोनीपजे । ते सुणना आगे अधिकाररे० ॥ अमोल कहीढाल तीसरी । द्वितीय खण्ड मझाररे० ॥कर्मो॥२१॥❀॥दोहा॥ अरुणोदय शुक जाग के । देखे दृष्टिप्रसार । अश्व डोंगा ओर गजवी । देखे नहीं उसवार ॥१॥ कुसुमश्री कुंवी

रही धस्काया यह देख ॥ घबराया पाडी चास तब । करके शोर विशाल ॥१॥ ...
मश्री तदा । देखेदृष्टि प्रसार ॥ नही पेखत घबरागइ । शैय्या तुरी भरतार ॥२॥ मुरछाइ ध
रणी ढली । तडके ज्यों जल विन मीन ॥ पवन जोग सावध हुइ । रुदन करे होदीन ॥३
तजी भयङ्कर वन विषे । कहा गये राजान ॥ सासरा पीयर कहां रहे । क्या करे शुकहो
जान ॥५॥❀॥ ढाल ४ थी॥ आइरे पनोती जरासिन्धनेरे. ॥यह॥ सुणीयों कथा कर्मा
तणी रे । कर्म करे सो होयरे ॥ जीव उपाव सुखके केरे ॥ पण होतव नटाले कोयरे ॥ सुणी
यो॥१॥ रुदन सुणी तोता राणीकारे । वीर नृपति घबरायरे ॥ दोडके आये तरु तलेरे ।
शय्या तुरंग न देखायरे ॥सुणीयो॥२॥ मुरछाये सोमी वसुधा पडेरे । क्या करूं अब हा-
येरे ॥ कैसे उलंघु समुद्रकोरे । स्वपन ज्यों सुख विरलायरे ॥सुणीयों॥३॥ राज ऋद्धि सब
